Labour unrest in Bombay

701. SHRI R. K. AMIN: Will the Minister of PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR be pleased to state:

(a) whether there is simmering labour unrest in Bombay and the Thane-Belapur industrial belt; and

(b) if so, the reasons therefor and what action Government have taken in this regard?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): (a) and (b). The matter essentially falls in the State sphere and has been brought to the notice of Government of Maharashtra who are concerned.

बिना आपरेशन का गर्भ निरोध

702. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार बिना आपरेशन के गर्भ निरोध के कोई उपाय पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या प्रयत्न हो रहे हैं और उनके क्या परिणाम हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री राज नारायण) : (क) जी, हां। बिना शल्य क्रिया के गर्भाशय के द्वारा विशेष प्रकार के द्रव्य के डिम्बनलिका को बंद किया जा सकता है।

( ) इस प्रणाली की सुरक्षा तथा प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया जा रहा है और संतोषप्रद परिणाम प्राप्त होने के बाद ही निर्णय लिया जा सकेगा।

विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों में खर्चों में मितव्ययता

703. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार विदेशों में स्थित दूतावासों के खर्चों में मितव्ययता करने का है ;

(ख) यदि हां, तो योजना की मुख्य बातें क्या हैं और उसकी क्रियान्विति कब की जायेगी ; और

(ग) प्रतिवर्ष इन पर कुल कितना खर्च हो रहा है और इसमें कितनी कमी करने का विचार है ?

विदेश मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी): (क) जी, हां।

(ख) किफायतसारी के जो आदेश बराबर लागू किए जा रहे हैं उनकी मुख्य बातें मोटे तौर पर नीचे लिखे अनुसार हैं :—

(1) जो पद छह मास से ज्यादा समय तक खाली पड़े हों उन्हें जहां तक सम्भव हो न भरा जाए।

(2) समय-समय पर विदेश सेवा निरीक्षकों द्वारा कार्य-पद्धति और कर्मचारी रखने की पद्धति की जांच को मूल्यांकन के आधार पर पदों को स्थगित रखना।

(3) विदेशों में सेवारत भारत आस्थानी कर्मचारियों के विदेश भत्ते में 5% की कटौती।

(4) आकस्मिक खर्च में कठोर नियंत्रण।

(ग) वार्षिक खर्च (1976-77 के अंतिम अनुमानों के आधार पर) 23,13,54 लाख रुपए हैं।